आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें:
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-154-● कटनी ● मंगलवार, 6 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




# 111 दिन बाद कोरोना के सबसे कम मामले, मृत्युदर भी घटी

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** भारत में कोरोना वायरस की दूसरी लहर सुस्त पड़ गई है। करीब चार महीने बाद पहली बार देश में कोरोना मरीजों की संख्या सबसे कम दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में 34,703 नए मामले सामने आने के बाद इस बीमारी की चपेट में आए लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 3,06,19,932 हो गई, जबकि 553 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,03,281 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार की सुबह आठ बजे तक दिए आंकड़ों के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या और घटकर 4,64,357 हो गई है और यह कुल संक्रमण का 1.52 प्रतिशत है, जबकि कोविड से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर सुधरकर 97.17 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि 24 घंटे की अवधि में उपचाराधीन मामलों की संख्या 17,714 घटी है। आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को कोरोना वायरस के संक्रमण का पता लगाने के लिए कुल 16,47,424 जांच की गईं जिसके बाद देश भर में कोविड-19 के लिए की गई जांचों का कुल आंकड़ा 42,14,24,881 हो गया है। दैनिक संक्रमण दर 2.11 प्रतिशत दर्ज की गई। लगातार 15 दिनों से यह दर तीन प्रतिशत से कम बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, साप्ताहिक संक्रमण दर भी घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है।



### कोरोना से मृत्यु दर 1.32 हुई

मंत्रालय ने बताया कि लगातार 54 दिनों से स्वस्थ होने वालों की संख्या रोजाना सामने आ रहे मामलों से ज्यादा है। साथ ही इसने बताया कि बीमारी से ठीक हुए लोगों की संख्या बढ़कर 2,97,52,294 हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण से मृत्यु दर 1.32 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में कोविड-19 रोधी टीके की कुल 35.75 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

### देश में कोरोना पीड़ितों की संख्या तीन करोड़ के पार

देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसम्बर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे

### 60 दिन के भीतर ब्लैक फंगस के बाद फिर पॉजिटिव हुआ मरीज

बिहार में दो महीने में दो बार कोरोना अटैक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पटना के पीएमसीएच में ब्लैक फंगस के बाद मरीज कोरोना संक्रमित हो गया। मामला उजागर होने के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। डॉक्टर से लेकर मरीज तक सब हैरान हैं। यह पहला मामला है, जब ब्लैक फंगस के बाद मरीज को कोरोना संक्रमण हुआ है। पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद 5 जुलाई को संक्रमित मरीज को कोरोना वार्ड में शिफ्ट किया गया है। दूसरी तरफ संपर्क में आए मरीजों के साथ करीब 50 हेल्थ वर्करों की कोरोना जांच कराने की तैयारी की जा रही है।

## क्विक अपडेट



### 86 साल के हुए तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा, प्रधानमंत्री मोदी ने दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** आज तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन है और इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने दलाई लामा से फोन पर बात की और उनके 86वें जन्मदिन पर उनको बधाई दी।दलाई लामा ने अपने 86वें जन्मदिन पर कहा कि उन्होंने भारत की स्वतंत्रता और धार्मिक सद्भाव का पूरा लाभ लिया और वह प्राचीन भारतीय ज्ञान को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### टीएमसी नेता मुकुल रॉय की पत्नी का हार्ट अटैक से निधन

चेन्नई। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय की पत्नी कृष्णा रॉय का आज निधन हो गया। हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। चेन्नई के एक अस्पताल में मंगलवार की सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को कोलकाता ले जाया जाएगा। गौरतलब है कि मुकुल रॉय की पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। बीते कुछ दिनों से वह अस्पताल में ही भर्ती थीं। पत्नी के निधन पर नेताओं की ओर से शोक संवेदनाएं प्रकट की जा रही हैं।

### 120 रुपये के लिए भांजे ने मामा को मौत के घाट उतारा

**ग्वालियर।** क्या आप कभी सोच सकते हैं कि इंसान आज इतना गिर गया कि वह 100 रुपये के लिए दूसरे की जान तक ले सकता है। यह सुनने और पढ़ने में जरूर अटपटा लगे, लेकिन यह सच है। व्यक्ति के भीतर से इंसानियत खत्म हो रही है।मध्यप्रदेश में दिल को झकझोर देने वाली ऐसी ही वारदात सामने आई है। सिर्फ 120 रुपये नहीं देने को लेकर भांजे ने अपने मामा की हत्या कर दी। ग्वालियर में 4 जुलाई की देर रात दोनों के बीच मछली फ्राई करने के पैसे नहीं देने को लेकर बहस शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि भांजे ने अपने मामा पर करछी और चाकू से हमला कर दिया।

## राहुल ने फिर मोदी सरकार को घेरा, कहा- मित्रों वाला राफेल है, सवाल करो तो जेल है...



**नई दिल्ली।** पिछले लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर राफेल डील चर्चा में है। राफेल डील में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर फ्रांस में न्यायिक जांच शुरू हो गई है, जिसे लेकर कांग्रेस लगातार मोदी सरकार पर वार कर रही है। राफेल डील के मुद्दे पर राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार को घेरा है, इस बार राहुल ने राफेल डील के साथ-साथ तेल की बढ़ती कीमतों के लेकर भी मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा और लिखा कि खाली जगह को भरिए... 'मित्रों' वाला राफेल है, टैक्स वसूली- महंगा तेल है, पीएसयू-पीएसबी की अंधी सेल है और सवाल करो तो जेल है... मोदी सरकार ...है! इस तरह से राहुल गांधी ने ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस लगातार मोदी सरकार पर हमलावर हो रही है, चाहे वो राफेल डील से जुड़ा हुआ विवाद हो या फिर पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम हो, कांग्रेस लगातार मोदी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रही है।राहुल ने एक और ट्विट कैप्शन में लिखा था, चोर की दाढ़ी में तिनका। राफेल के अलावा राहुल गांधी लगातार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर हमलावर रहे हैं और कांग्रेस ने कई राज्यों में तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर राहुल गांधी ने एक बार फिर हमलावर ट्वीट किया था।

## पीएम आवास पर आज शाम होने वाली बैठक रद्द

## केबिनेट में जगह पक्की, किसी भी वक्त विस्तार

# सिंधिया को दिल्ली न्यौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रिमंडल की इसी हफ्ते विस्तार कर सकते हैं। भाजपा के शीर्ष स्तर पर इसकी कवायद जारी है। कैबिनेट विस्तार में लगभग डेढ़ दर्जन नए मंत्रियों को शामिल किए जाने की संभावना है। पहले से ही अतिरिक्त प्रभार और इससे ज्यादा मंत्रालय संभाल रहे कई मंत्रियों का बोझ भी कम किया जा सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार में आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। हालांकि, इस बीच आज शाम यानी मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के आवास पर शीर्ष मंत्रियों के साथ होने वाली बैठक रद्द हो गई है।बता दें कि इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीतारमण के साथ ही अन्य शीर्ष मंत्री शामिल होने वाले थे। अब यह बैठक किस दिन होगी, इसको लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है।मोदी के मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाओं के बीच असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया और नारायण राणे समेत कई नेताओं को आज ही दिल्ली बुलाया गया है। ज्यादातर सांसद और नेता तीन आज दोपहर दिल्ली पहुंच रहे हैं। बता दें कि जब मोदी सरकार बनी थी, तो कुल 57 मंत्री बनाए गए थे। इनमें 24 कैबिनेट, नौ स्वतंत्र प्रभार और 24 राज्यमंत्री शामिल थे। हालांकि, इनमें से कई मंत्रियों के पास एक से अधिक मंत्रालय हैं। शिवसेना एवं अकाली दल के अलग होने और रामविलास पासवान के निधन के बाद कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 21 रह गई है। एक राज्यमंत्री का भी निधन हुआ। इस प्रकार अभी कुल 53 मंत्री ही हैं, यह संख्या 79 तक हो सकती है।



### छगनभाई एमपी के राज्यपाल, गहलोत कर्नाटक के

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैबिनेट विस्तार की संभावनाओं के बीच राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कई राज्यों के राज्यपालों को बदल दिया है। केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश और हिमाचल समेत आठ राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए हैं। केंद्र में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसके अलावा हरि बाबू कंभमपति को मिजोरम और मंगूभाई छगनभाई पटेल को मध्यप्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राजेंद्रन विश्वनाथ अर्लेकर को हिमाचल, मिजोरम के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को गोवा का राज्यपाल बनाया गया है। हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य को त्रिपुरा के गवर्नर बनाया। त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा बंडारू दत्तात्रेय को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।



## सीमित दायरे में पुरी जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा निकालने की अनुमति

**नई दिल्ली।** कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा निकालने की अनुमति दे दी है, लेकिन शीर्ष कोर्ट ने पूरे ओडिशा में रथ यात्रा निकालने पर पांबदी लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे राज्य में रथ यात्रा निकालने की दायर याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कोविड के फैलने की आशंका को देखते हुए ओडिशा सरकार के आदेश से सहमत है। बता दें कि ओडिशा सरकार ने केवल पुरी में रथ यात्रा की अनुमति दी है और अन्य सभी जगन्नाथ मंदिरों के मंदिर परिसर में अनुष्ठान की अनुमति दी है। याचिकाओं में बारीपदा, सासांग और ओडिशा के अन्य शहरों में रथ यात्रा की अनुमति मांगी गई थी।

### पंजाब में सियायत: कैप्टन मिलेंगे सोनिया से



पंजाब कांग्रेस में मची कलह के बीच पहली बार कैप्टन अमरिंदर सिंह मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की आंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। मंगलवार सुबह वे चॉपर में चंडीगढ़ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इससे पहले वह दिल्ली में पार्टी आलाकमान द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी से मुलाकात कर चुके हैं। इन दिनों पंजाब कांग्रेस के नेताओं में मतभेद चरम पर है। नवजोत सिंह सिद्धू लगातार मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साध रहे हैं।

## स्पूतनिक भी मुफ्त लगेगी

### जल्द ही टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध होगी




**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी पर काबू पाने के लिए लोगों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण केंद्र पर फिलहाल कोविशील्ड और कोवाक्सिन ही उपलब्ध हैं। सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर जल्द ही रूसी वैक्सीन स्पूतनिक-वी भी उपलब्ध होगी। कोविड-19 कार्य समूह के अध्यक्ष डॉ. एनके अरोड़ा ने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर स्पूतनिक-वी वैक्सीन मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा, अभी स्पूतनिक-वी केवल निजी अस्पतालों में ही उपलब्ध है। हम इसे हमारे मुफ्त टीकाकरण कार्यक्रम के तहत उपलब्ध कराना चाहते हैं, लेकिन यह वैक्सीन की सप्लाई पर निर्भर करेगा। रूस की कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-वी को -18 डिग्री सेल्सियस तापमान पर स्टोर करना होता है। अरोड़ा ने कहा कि पोलियो वैक्सीन रखने में काम आने वाली कोल्ड चेन फैसिलिटीज को स्पूतनिक-वी स्टोर करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि वैक्सीन देश के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके। डॉ. अरोड़ा ने बताया कि पोलियो टीकाकरण के चलते कुछ इलाकों में कोविड वैक्सीनेशन की रफ्तार धीमी पड़ी है। कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम आने वाले हफ्ते में स्ट्रीमलाइन हो जाएगा।

### ट्विटर ने नियम नहीं माने, हाईकोर्ट बोला-सरकार कार्रवाई के लिए स्वतंत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में ट्विटर ने मंगलवार को माना कि कंपनी ने भारत सरकार की ओर से बनाए गए नए आईटी नियमों का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब केंद्र सरकार पर ट्विटर पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है और अब कंपनी को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। इसके अलावा दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्विटर की ओर से की जा रही देरी पर नाराजगी जताई है। ट्विटर की ओर से शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति को लेकर देरी की जा रही है, जिस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई।

## एमपी केबिनेट में कई फैसले संभावित

### खातों में पड़ी 300 करोड़ की निधि, उपयोग के बदलेंगे नियम



**भोपाल।** वर्ष 2018-19 में रेत से प्राप्त रॉयल्टी के तीन सौ करोड़ रुपये का उपयोग करने के लिए सरकार रेत खनन नियम 2018 को निरस्त करेगी। इस नियम में जमा राशि का उपयोग करने के कोई निर्देश न होने की वजह से यह राशि बैंक खातों में जमा है। खनिज साधन विभाग मंगलवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में 2019 के नियम से राशि का उपयोग करने और पुराने नियम को निरस्त करने का प्रस्ताव रखेगा। साथ ही सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण चुकाने की समयसीमा में वृद्धि संबंधी निर्णय को स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में रेत नियम 2018 को निरस्त करके जमा राशि का उपयोग करने और रॉयल्टी राज्य की संचित निधि में जमा कराने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। फरवरी 2021 की स्थिति में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के लिए 152.53 करोड़ रुपये और जिला खनिज प्रतिष्ठान में 150 करोड़ रुपये से अधिक राशि अनुपयोगी जमा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस राशि का उपयोग पंचायत और नगरीय निकायों में विकास कार्यों पर किया जाएगा। सिंगरौली में बांटा जाएगा फोर्टीफाइड चावलयअल्पकालीन फसल ऋण को चुकाने की तय समयसीमा में छूट। अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए मध्य प्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश 2021के प्रारूप की स्वीकृति हो सकती है।

## सदन के बाहर भाजपा का अलग मानसून सत्र

**मुंबई।** ।महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को स्पीकर ने भाजपा के 12 विधायकों को गाली-गलौच और बदसलूकी करने पर एक साल के लिए निलंबित कर दिया था। इसके विरोध में आज यानी मंगलवार को भाजपा के विधायकों ने सदन के बाहर अपना समानांतर विधानसभा सत्र शुरू किया है। भाजपा विधायक हाथ में पोस्टर लिए सदन के बाहर बैठे नजर आए। महाराष्ट्र विधान परिषद में एलओपी प्रवीण दरेकर ने घोषणा की कि कालिदास कोलंबकर उनके इस सत्र में अध्यक्ष होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने मंगलवारको अपने 12 विधायकों के निलंबन और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों के विरोध प्रदर्शन में पूर्व सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस भी नजर आए। कल स्पीकर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 विधायकों को एक साल के लिए निलंबित कर दिया था।




निलंबन का विरोध कर रहे विधायक

### महबूबा मुफ्ती ने परिसीमन आयोग को पत्र

**कश्मीर।** परिसीमन आयोग के दौरे को लेकर पीडीपी मुखिया महबूबा मुफ्ती ने एक पत्र जारी किया है। आयोग को यह पत्र भेज कहा कि लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए कोई आधारभूत कार्य नहीं किया गया है। राजनीतिक गतिविधि के लिए कोई विश्वसनीय कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसको देखते हुए परिसीमन आयोग की बैठक में पीडीपी शामिल नहीं होगी।

### पत्नी के जन्मदिन पर उसके सामने ही पेट्रोल छिड़ककर लगा ली आग, मौत



**इंदौर।** किशनगंज निवासी 36 वर्षीय महेंद्र कौशल ने पाटनीपुरा स्थित ससुराल में पत्नी पूजा के जन्मदिन पर उसके सामने ही पेट्रोल डालकर आग लगा ली। रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। एमआइजी थाने के एसआइ राजकुमार कोरी ने बताया कि एक हफ्ते पहले पूजा पति महेंद्र से नाराज होकर मायके चली गई थी। एक जुलाई को पत्नी का जन्मदिन था। महेंद्र उसे लेने ससुराल आया था। पत्नी ने कहा कि अभी मां नहीं है, वह मां से पूछकर जाएगी। जिद करने के बाद भी पत्नी साथ चलने को राजी नहीं हुई तो उसने वहीं खुद पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा ली।




## आज हम सूरज से सबसे दूर, पर तपिश ज्यों की त्यों

**वेब डेस्क।** दहकता सूर्य जब जुलाई माह में पृथ्वी से दूर चले जाता है, तब उत्तर भूभाग ठंडा नहीं होता, बल्कि तप रहा होता है और जनवरी माह में जब पृथ्वी के पास होता है, तब उत्तरी भूभाग में गर्मी नहीं, बल्कि ठंड पड़ रही होती है। विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज छह जुलाई को सूरज पृथ्वी से साल की सबसे अधिक दूरी पर आ रहा है, तब विगत सप्ताह भट्टी सी दहकती दिल्ली और देश के उत्तरी भाग में गर्मी ने पिछले 90 साल का रिकार्ड तोड़ा है। अगर सूरज पास होता तो क्या होता। सारिका ने मॉडल की मदद से बताया कि सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती पृथ्वी गोलाकार पथ में नहीं घूमती, बल्कि यह अंडाकार पथ में चक्कर लगाती है। साल में एक बार यह सबसे दूर होती है, इसे एफीलियन कहते हैं। यह घटना जुलाई के पहले सप्ताह में होती है। इस साल यह मंगलवार को यानी आज हो रही है। इस दिन हमारी पृथ्वी सूर्य से दूर जाते हुए 152,100,527 किमी की दूरी पर रहेगी, जो कि साल में सबसे अधिक दूरस्थ बिंदु है। सारिका ने बताया कि इसके साथ ही साल में एक बार यह सूरज के पास होती है, इसे पेरीहिलियन कहते हैं। यह घटना जनवरी के प्रथम सप्ताह में होती है। इस साल दो जनवरी को हम सूर्य के सबसे नजदीक थे। सारिका ने बताया कि मौसम में गर्मी या ठंड का होना पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके होकर घूमने के कारण होता है। झुकाव के कारण किसी समय पृथ्वी के जिस भाग पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ रही होती हैं, वहां गर्मी पड़ती है और जहां किरणें तिरछी पड़ती हैं, वहां ठंड महसूस होती है। इसके साथ ही वायु दाब, रेगिस्तान से आने वाली हवायें आदि तापमान को प्रभावित करती हैं।




### रुकवाई शादी अनलॉक में खुद के खर्च पर करवाई



**तराना, उज्जैन।** ग्राम छड़ावाद के रायसिंह की पुत्री प्रियंका के विवाह की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। फर्ज और कानून के साथ मानव धर्म निभाने की यह अनूठी दास्तां है तहसीलदार डीके वर्मा की। लाकडाउन के दौरान वे अपने क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें ग्राम छड़ावद में विवाह समारोह होता दिखाई दिया। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और परिवार वालों को कोरोना नियमों का हवाला देते हुए विवाह रोकने की समझाइश दी। स्वजन मान तो गए लेकिन मजबूरी यह थी कि अगली बार प्रियंका का विवाह करने के लिए उनके पास रुपये नहीं थे। इस पर तहसीलदार वर्मा ने कहा कि आप अभी विवाह रोकिए जब अनलाक की प्रक्रिया शुरू होगी मैं खुद आकर इस कन्या का विवाह कराऊंगा। अनलाक की प्रक्रिया शुरू होने के बाद तहसीलदार गांव पहुंचे और अपने खर्च पर कन्या का विवाह कराने की बात कही।



# जिले में 103.76 प्रतिशत वेक्सीनेशन

## एक दिन में 7886 को लगी वैक्सीन, कोवीशील्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में शनिवार को निर्धारित 51 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवीशील्ड के दूसरे डोज के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 7600 के विरुद्ध 7 हजार 886 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। सोमवार को वेक्सीनेशन के विशेष कैम्पेन के तहत कुल 103.76 प्रतिशत वेक्सीनेशन जिले में हुआ है। जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान में कोवीशील्ड के दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 51 टीकाकरण केन्द्रों में सोमवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवीशील्ड का दूसरे डोज का टीकाकरण भी कराया। वहीं शहरी क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर में कोवेक्सीन के दूसरे डोज के लिये भी विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। विशेष वेक्सीनेशन कैम्प के तहत शहरी क्षेत्र में 1639, बरही में 354, कन्हवारा में 997, विजयराघवगढ़ में 1035, बहोरीबंद में 1063, रीठी में 1082, ढीमरखेड़ा में 1066 और बड़वारा में 650 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया।

### आज जिले में नहीं होगा वेक्सीनेशन

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 6 जुलाई को मंगलवार को जिले के किसी भी केन्द्र पर कोविड वेक्सीनेशन सत्रों का आयोजन नहीं होगा। मंगलवार को सामान्य टीकाकरण का कार्य किया जायेगा।

गर्मी व उमस से लोगों का बुरा हाल, चिंता में किसान

# कब बरसेंगे मेघ मानसून के सक्रिय होने का इंतजार

**कटनी।** मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने के संकेत मिलने लगे हैं। हालांकि अभी इसमें 4 से 5 दिन का समय लग सकता है लेकिन इस बीच अगले 48 घंटे के दौरान जिले में मध्यम बारिश होने संभावना व्यक्त की जा रही है। उधर पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से जिले में बारिश दर्ज नहीं हुई जिसके कारण तापमान और उमस लगातार बढ़ती जा रही है। उधर मानसून की बेरूखी ने किसानों को भी चिंता में डाल दिया है।



### आसमान साफ होते ही चढ़ा पारा

मानसून की बेरुखी का असर मौसम में दिखने लगा है। अधिकतम तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़ गया है। स्थिति यह है कि गर्मी और उमस के कारण लोगों को दिन के साथ रात में भी बेचैनी हो रही है। दिन में तो तपन और उमस ने जीना मुहाल करके रखा है। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण भारत में मानसून फिर सक्रिय होने के आसार दिख रहे हैं। जिसके बाद 11 जुलाई के बाद बेहतर बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसके बीच स्थानीय बादलों के कारण मध्यम बारिश हो सकती है। उधर हवा की रफ्तार भी दक्षिण-पश्चिमी चल रही है। जिसके कारण आसमान पर मंडराने वाले बादल ज्यादा देर ठहर नहीं पा रहे हैं।

### मानसून सक्रिय होने के दिख रहे आसार

स्थानीय बादलों के कारण जिले में अगले 24 घंटे के दौरान मध्यम बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि मानसून के सक्रिय होने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है लेकिन उसमें अभी भी 4 से 5 दिन समय लगेगा। इसके बाद ही जिले में बेहतर बारिश होने की उम्मीद बन रही है। इस बीच बारिश न होने से मौसम में नमी की मात्रा घटते ही उमस और बेचैनी बढ़ती जा रही है। बारिश न होने से आसमान साफ होने पर खिल रही धूप के कारण अधिकतम तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़ गया है।

### मौसम में बढ़ी तपन और उमस

मौसम हर दिन करवट बदल रहा है। आसमान साफ हो चुका है और सुबह से तप रही धूप ने जमकर पसीना निकालना शुरू कर दिया है। उमस भी बेचैन करने लगी। तपन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह साढ़े 11 बजे ही पारा 34 डिग्री के पार पहुंच गया था। मानसून के सक्रिय न होने से शहर हलकान हो रहा है। तीन-चार दिन में एक बार स्थानीय बादल मेहरबान होकर थोड़ा बहुत बरस जाते हैं। जिससे मौसम में कुछ ठंडक आ जाती है लेकिन बादल साफ होते ही धूप फिर से असर दिखाने लगती है।

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत एवं जलकर प्रकरणों में मिलेगी छूट

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत की तैयारी वृहद स्तर पर की जा रही है। उक्त संबंध में विद्युत विभाग, नगर निगम, बैंकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ लगातार प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की जा रही है। इस लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को रखा जाना है, जिनमें से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण की उम्मीद है। नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका निगम के प्रकरणों में संपत्ति कर, जल कर एवं विद्युत प्रकरणों में शासन द्वारा अधिक से अधिक छूट प्रदाय की जावेगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैंक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, ग्राम न्यायालय, राजस्व न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 10 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में छूट के निर्देश जारी किये गये है। विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त हाने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। इसी प्रकार लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथ से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जावेगी। उक्त छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई में समझौता करने के लिये ही लागू होगी।




### संपत्ति कर के अधिभार में भी मिलेगी राहत

इसी प्रकार संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, 50 हजार से अधिक तथा 1 लाख तक के बकाया होने पर 50 प्रतिशत तक, कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जावेगी। जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत तक, 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जावेगी। पुलिस परामर्श केन्द्र के अंतर्गत घरेलू हिंसा अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक विवादों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण उक्त नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। श्वेता गोयल जिला न्यायाधीश/सचिव एवं मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी ने सभी जिलावासियों से 10 जुलाई 2021 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील की है।



# प्रकृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य

## पर्यावरण को संरक्षित करने ध्यान योग का आयोजन

**कटनी।** प्रकृति मां की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमारे आस पास जो जल जीवन जंगल जानवर और जनता है, उसकी रक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है मनुष्य के विचारों का सीधा असर प्रकृति पर पड़ता है मानसिक शुद्धता से प्रकृति अपने आप अपनी शुद्धता की ओर लौटने लगेगी हम प्रतिदिन पेड़ पौधों को शुभ भावनाओं की जल और स्नेह की दवाई शक्तिशाली संकल्प से चिंतन करने का संकल्प लें। उक्ताशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बी के लक्ष्मी बहन ने पीरबाबा समीप स्थित बगीचा में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित ढाई घंटे की ध्यान योग भट्टी के प्रारंभ में व्यक्त किए। इस अवसर पर बी के विनोद ने योग की शक्ति को पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ एवं हरित धरा निर्माण के लिए राजयोग मेडिटेशन द्वारा प्रकृति को साकाश दिया इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन सुमन बहन अनीता बरखा बहन बहन नेहा ज्योति सीमा शिवानी शानू सुरेश भाई सहित अन्य भाई बहनों का सहयोग रहा।

# सरकार के अदूरदर्शी निर्णयों से सराफा व्यवसाय संकट में

**कटनी।** मप्र सराफा एसोसिएशन संघर्ष समिति एवं सराफा एसोसिएशन कटनी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सराफा व्यापारियों व कारीगरों के लिए लागू फांसीवादी कानून एचयूआईडी पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत का सराफा व्यापारी केंद्र में स्थित भारतीय जनता पार्टी की सरकार का पक्षधर रहा है किंतु इसके बावजूद वर्तमान परिस्थितियों में सरकार द्वारा किए जा रहे अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों की वजह से सराफा व्यापार व्यवसायिक संकट को झेल रहा है। प्रत्येक सराफा व्यापारी ने हॉल मार्क कानून का समर्थन किया किंतु सरकार व बीआईएस के अधिकारियों द्वारा एचयूआईडी के संदर्भ में पिछले दिनों व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित मीटिंग में आश्वासन दिया गया था कि हम एचयूआईडी को अभी लागू नहीं करने जा रहे हैं। इसके बावजूद षड़यंत्रपूर्ण तरीके से व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर विश्वासघात करने जैसा कार्य किया है। जिसका दूरगामी परिणाम राष्ट्रहित एवं जनहित में उचित प्रतीत नहीं होता। ज्ञापन के माध्यम से सराफा व्यापारियों ने विभिन्न मांगों के प्रति ध्यानकर्षण कराया, जिसमे सरकार की मंशा सिर्फ और सिर्फ क्वालिटी कंट्रोल करने की है तो एचयूआईडी के माध्यम से अतिरिक्त बाध्यता क्यों लागू की जा रही है। सराफा व्यापारियों के किसी भी वर्ग को हॉलमार्क सेंटर में एचयूआईडी स्वीकार नहीं है। भारत देश की 80 प्रतिशत आबादी गांव में रहती हैं और ग्रामीण सराफा व्यापारी व स्वर्णकार बंधु पोर्टल व सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते हैं, जिनको ध्यान में रखकर नीति निर्धारण होना चाहिए। यह की पूरे देश के ज्वेलरी ट्रेड को हाल मार्क स्वीकार है, पर हाल मार्क करने हेतु जो पोर्टल व सॉफ्टवेयर बीआईएस ने तैयार किया है, जिसमें जेवर लोड करने के बाद जेवर में हाल मार्क होगा। इस ट्रेड का छोटा और मध्यम व्यापारी इस में सक्षम नहीं है। मैन्युअल व्यवस्था भी लागू रहनी चाहिए। एचयूआईडी लागू होने के बाद हालमार्क होने में बहुत अधिक समय लगेगा, जिससे जो व्यापारी देश के अन्य हिस्सों से दिल्ली, मुंबई, राजकोट, कोयंबटूर, अहमदाबाद महानगरों से ज्वेलरी लेने जाता है। 1 दिन की जगह दो-तीन दिन उसको महानगरों में रुकना पड़ेगा, जिससे व्यापारी परेशान होगा वह समय की बरबादी होगी। ज्वेलरी ट्रेड में अधिक संख्या छोटे और मध्यम व्यापारियों की है जो ना तो कंप्यूटर और ना ही सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करते हैं ऐसे व्यापारियों का रोजगार संकट में आ जाएगा और परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सुदर्शन सराफ अध्यक्ष जबलपुर संभाग, ओमप्रकाश सोनी अध्यक्ष सराफा एसोसियेशन कटनी, मंत्री ललित सोनी मध्यप्रदेश सारफा एसोसिएशन संघर्ष समिति, महामंत्री श्यामकुमार सोनी कोषाध्यक्ष, संजय कुमार सोनी, पूर्व पार्षद सुनील सोनी, सह कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनी, अजय कुमार सोनी, निक्की सोनी, शुभम सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एचयूआईडी पर रोक लगाने की मांग

# पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**कटनी।** लघु उद्योग भारती कटनी इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम औद्योगिक क्षेत्र बरगवां स्थित संगठन के सदस्य यशकान्त अग्रवाल के उद्योग परिसर में आयोजित किया गया वर्तमान परिवेश में लघु उद्योग भारती का ऐसा मानना है कि जितना अधिक आवश्यकता उद्योग लगाने की है उतनी अधिक आवश्यकता पेड़ लगाने की भी है जो कि वातावरण के संतुलन का कार्य भी करता है और हम सभी के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी है इसी बात का ध्यान रखते हुए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन संगठन के सदस्यों द्वारा किया गयाद्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय सेवा प्रमुख सुरेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में उद्योग जगत में लघु उद्योगों की भूमिका व लघु उद्योग भारती की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष अरुण सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरि सिंह भदोरियाए कटनी इकाई अध्यक्ष अनिल वासवानी, उपाध्यक्ष मुरलीधर रतनानी, सह सचिव अमित सिंघई व सदस्यों में सुरेश रतनानी, विजय निषाद, रॉकी राजपालानी, रमेश गुप्ता, संदीप मनोचा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।




श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें

- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# गौरक्षक सहित चार पर गौतस्करी का मामला दर्ज

## एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, एक गिरफ्तार

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने बीते जुगिया काप स्थित एक फार्म हाउस में 14 नग गौवंश की तस्करी में 4 लोगों के विरुद्ध गौवंश अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि मधु नायक द्वारा सूचना दी गई थी कि संजय गिरी के फार्म हाउस के सामने शहजद खान, बहजद खान, जलील खान, विपिन बिलौहा के द्वारा 14 नग गौवंश रखे गए हैं। उन्हें क्रूरता पूर्वक बांध कर रखे गए थे। सूचना पर थाना प्रभारी मिश्रा स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे वहां पहुंचकर 14 नग गौवंश को मुक्त कराते हुए नगर निगम के वाहन से दयोदय गौशाला भेजा गया। गौरतलब है कि विपिन बिलौहा गौ वंश के संरक्षक कहे जा रहे थे, जिन पर पशु तस्करी का मामला दर्ज हुआ है।



थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा के मुताबिक मामले में तीन आरोपी विपिन बिलौहा, बहजद खान, जमील खान मौके से फरार हो गए। वहीं शहजद खान को मौके से गिरफ्तार किया गया उसने बताया कि गौवंश वध के लिए लाए गए थे। आरोपी के कथन के मुताबिक पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 4, 6, 9 मध्य प्रदेश गौवंश अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### दिनदहाड़े घर में चोरी

**कटनी।** कोतवाली संतनगर क्षेत्र निवासी विजय वीरवानी पिता रामचन्द्र वीरवानी के घर में दिनदहाड़े घुसकर अज्ञात बदमाश लैपटॉप व मोबाइल लेकर चंपत हो गए। जिनकी कीमती लगभग 70 हजार रुपये है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### करंट से मवेशी की मौत पर मामला दर्ज

**कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उदयपुरा में करंट लगने से मवेशी की मौत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। संदीप पटेल की शिकायत पर राजू उर्फ राजेश दाहिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने जालपा देवी मन्दिर के पास निवासी 40 वर्षीय तेजभान शुक्ला पिता रघुवर दयाल शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि अज्ञात बदमाश ने फोन से ओटीपी मंगाकर 10 हजार रुपये खाते से पार कर दिए हैं। पुलिस ने 420 का प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



# नर्सिंग स्टाफ की जायज मांगें माने राज्य सरकार

**आंदोलन एवं मांगों का आम आदमी पार्टी ने किया समर्थन**

**कटनी।** आम आदमी पार्टी ने नर्सों के आंदोलन को समर्थन दिया है। आप कार्यकर्ता पदाधिकारी उनके आंदोलन में पहुंचकर अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पहले ही चरमराई हुई हैं। उस पर प्रदेश भर में मरीजों को अपने सेवा भाव से स्वस्थ और निरोगी करने वाले नर्सिंग स्टाफ का अपनी जायज मांगों को लेकर इस महामारी के दौरान हड़ताल पर जाना प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था एवं प्रदेशवासियों के लिए हितकारी नहीं है। आम आदमी पार्टी नर्सिंग स्टाफ की सभी मांगों का समर्थन करती है, चाहे वह समान वेतनमान हो या उन्हें कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किए जाने अथवा पेंशन संबंधी या मेल नर्सों के भर्ती की मांग हो आम आदमी पार्टी सभी का समर्थन करती है। प्रदेश में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर हैं। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि कोविड-19 संकट की घड़ी में जान की बाजी लगाकर हमने काम किया लेकिन जब हक की बात आई तो सरकार पीछे हट रही है। नर्सेस एसोसिएशन ने कहा कि अब सरकार को उनकी मांग पूरी करनी होगी नहीं तो इसी तरह प्रदर्शन जारी रहेगा। नर्सिंग स्टाफ के मुताबिक, जो नर्सों की पोस्टिंग हुई, उन्हें 70 फीसदी वेतन दिया जा रहा है। यह हमारे साथ अन्याय है। संकट की इस घड़ी में पूरा वेतन दिया जाना चाहिए। महंगाई दोगुना से भी ज्यादा बढ़ गई है। ऐसे में परिवार चलाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। कई नर्सिंग स्टाफ 500 किलोमीटर से अधिक दूरी पर आकर ड्यूटी कर रही हैं, इसके बाद भी उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती है कि नर्सिंग स्टाफ की मांगों को अविलंब स्वीकृत किया जाए तथा चिकित्सा मंत्री द्वारा विषय को गंभीरता से संज्ञान में लेकर नर्सिंग स्टाफ की मांगों को मानते हुए आंदोलन को समाप्त कराया जाए ताकि नर्सिंग स्टाफ व उनके परिवारों का जीवन यापन भी सम्मानजनक तरीके से हो सके तथा साथ ही साथ प्रदेश की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पुनः बहाल की जा सके। यदि इनकी मांगों को अविलम्ब नहीं माना गया तो आम आदमी पार्टी नर्सिंग स्टाफ के समर्थन में प्रदेश व्यापी आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी। इस मौके पर सुनील मिश्रा जिलाध्यक्ष, अफरोज अहमद जिलाउपाध्यक्ष, विनोद शर्मा जिला उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर साहू,, अभिषेक बजाज, लक्की सिंह रावत, यूथ विंग प्रभारी अनमोल मंगवानी, समीमुद्दीन अंसारी, संपत सिंह, प्रहलाद साहू, एसू दहिया, मंगल कोल, विजय पटेल, दिनेश बर्मन आदि साथियों की उपस्थिति रही।

# बस स्टेण्ड यात्री प्रतीक्षालय को कराया अतिक्रमण मुक्त

**कटनी।** निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः नगर के विभिन्न स्थलों सिल्वर टॉकीज रोड, शासकीय चिकित्सालय के सामने, कटाए घाट मोड, मिशन चौक से नगर निगम गेट के सामनें से गांधी द्वार तक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, विश्कर्मा पार्क आदि स्थलों पर मुख्य मार्ग के किनारे फुटकर सब्जी व्यवसाय करने वालों को निर्धारित स्थलों में व्यवस्थि किया किया किया जाकर व्यवसाय कराने की कार्यवाही की गई। नदी पार स्थित बस स्टेण्ड में यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों की सुविधा एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ठेले टपरे एवं फुटकर दुकानदारों द्वारा अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों को हटाकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त करनें की कार्यवाही की गई।



# जिले में अब तक 169.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 5 जुलाई तक 169.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 204.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 5 जुलाई 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 94.8 मिलीमीटर, रीठी में 114.7, बड़वारा में 174.0, बरही में 370.0, विजयराघवगढ़ में 228.6, बहोरीबंद में 171.6, स्लीमनाबाद में 95.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 119.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे निरंक वर्षा दर्ज हुई।

# टीकाकरण केन्द्रों में की गई आवश्यक व्यवस्थाएं

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में कोविड -19 वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत नगरपालिक निगम सीमान्तर्गत चिन्हित 8 केन्द्रों में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रातः से पूर्ण कराया गया। उपायुक्त अशफाक परवेज कुरैशी के मार्गदर्शन में चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी कटनी, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे, आर्डिनेंस हस्पिटल कटनी, ए.सी.सी हस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, सेवा भारती सरस्वती स्कूल कटनी, तिलक कॉलेज एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखेरा में कोविड वैक्सीनेशन (कोविड 19) सत्र आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रों की साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग, आवश्यकतानुसार पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, टेंट, शामियाना आदि की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराया जाकर गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण का लाभ प्रदान करानें के प्रयास किये गए।

# कमिश्नर ने की सीएम हैल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

### संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज संध्या 5:00 बजे से निगम की विभिन्न शाखाओं साफ-सफाई, पेयजल, सिविल, सीवेज, भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, यांत्रिकी योजना प्रकोष्ठ, स्थापना पेंशन, सामान्य प्रशासन, जनकल्याणकारी योजनायें, कर्मचारी पेंशन, स्थाई अतिक्रमण तथा मुख्यमंत्री युवा स्वाभिमान योजना से संबंधित सी.एम हैल्पलाईन की लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाकर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किये गए। समीक्षा बैठक के दौरान जलप्रदाय विभाग की पेयजल से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान कटनी नदी में पानी की उपलब्धता से अवगत होते हुए पेयजल सप्लाई संबंधी शिकायतों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शिकायतों का त्वरित निराकरण कराने, सीवर लाईन से संबंधित रेस्टोरेशन आदि की शिकायतों का निराकरण आगामी एक सप्ताह में करनें के निर्देश प्रदान किये। यांत्रिकी एवं प्रकोष्ठ विभाग की लंबित शिकायतों अन्तर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना की किस्तों से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण कराने, प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्र आवेदनों का डी.पी.आर तैयार कराने, विद्युत विभाग की प्रकाश व्यवस्थाओं संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करनें सिविल संबंधी शिकायतों की पुनः जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रतिवेदन दर्ज करने, जनकल्याणकारी योजनाओं अन्तर्गत पात्रता पर्ची से संबंधित शिकायतों को संबंधित विभाग की ओर तत्काल प्रेषित करने आवश्यकतानुसार पत्राचार आदि की कार्यवाही करनें के निर्देश प्रदान किये। स्थाई अतिक्रमण की शिकायतों अन्तर्गत अवैध अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों पर नियमानुसार तोडने अथवा चालान बनाकर न्यायालय में प्रस्तुत करने एवं कृत कार्यवही की जानकारी का प्रतिवेदन दर्ज कर शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के माध्यम से संचालित होनें वाली योजनाओं सहित विभागीय कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं सी.एम.हैल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की बैठक रोजाना आयोजित की जाकर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली जावेगी। कार्य में लापरवाही न करें, पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ अपनें दायित्वों का नियमानुसार निर्वहन करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को दिये। बैठक के दौरान सहायक यंत्री जागेन्द्र सिंह, उपयंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, जे.पी.सिंह बघेल, अश्वनी पाण्डेय, मोना कारेरा, मृदुल श्रीवास्तव, रवि हिनौते, संजय मिश्रा, एस.के.गर्ग, अनिल त्रिपाठी, रविशंकर पाण्डेय प्र.कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटैल सहित निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारियों -कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/209/प्रवा. वि.अधि./2021 कटनी दिनांक 01/07/2021

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)**

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक प्रदीप कुमार कोल आ. श्री बैजू कोल (अविवाहित) उम्र लगभग 26 वर्ष (जन्मतिथि 18.09.1994) निवासी आ. बैजू कोल मकान नं. 49 ग्राम वार्ड नं. 17 थाना के पास हरदुआ तहसील स्लीनाबाद जिला कटनी (म.प्र.) 483440 एवं आवेदिका आरती कोल पिता श्री सियालाल कोल (अविवाहित) उम्र लगभग 22 वर्ष, (जन्मतिथि 11.01.1999) निवासी साकिन आ. सियालाल कोल बंधवाटोला राजा किराना स्टोर्स के पास मदन मोहन चौबे वार्ड कटनी जिला कटनी म.प्र. 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/ रूपये चालान क्रमांक 20 दिनांक **21.06.2021** को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से **30** दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक **04.08.2021** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने **अभिभाषक/प्रतिनिधि** के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)**

**आगामी तिथि 04.08.2021**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

# वंशस्वरूप वार्ड में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन




**कटनी।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की सहयोगी संस्था द्वारा आज प्रातः वंशस्वरूप वार्ड स्थित चंदी की दफई एवं अन्य स्लम स्थलों में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराते हुए सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सैप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई कराने के चार नियमों, नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों से सेप्टिक टैंक ओर सीवर की असुरक्षित सफाई होते पाये जाने की सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देने की अपील की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की विभिन्न गतिविधियों के तहत वंशस्वरूप वार्ड स्थित द्वारिका सिटी में टीम के सदस्यों द्वारा घर-घर दस्तक अभियान के माध्यम से स्थानीय रहवासियों से संपर्क किया जाकर घरों से निकलनें वाले सूखे एवं गीले कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए कचरे के पृथक्कीकरण की जानकारी प्रदान की गई।

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**विशेषतायें**

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# चौपाटी मंडी से मिशन चौक तक चलाया विशेष सफाई अभियान







## डोर टू डोर कचरा संग्रहण के साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में प्रभारी स्वा. अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा रोजाना प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू एवं संक्रमण मुक्त रखनें के रोजाना प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वा. अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज प्रातः नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई सहित चौपाटी पहुंच मार्ग, फूल मंडी, हाकर्स जोन, शासकीय चिकित्सालय मार्ग, थाना कोतवाली तिराहा से मिशन चौक तक विशेषस अभियान के माध्यम से मुख्य मार्गो एवं मार्ग के किनारे सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक रखनें सहित कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में जाकर टीकाकरण करानें की अपील की जा रही है।

नगर के अन्य मुख्य मार्गों पन्ना मोड, मिशन चौक, जालपा वार्ड शेर चौक मुख्य मार्ग, जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, राजीव गांधी वार्ड मुख्य मार्गो, गुरूनानक वार्ड स्थित सब्जी मंडी की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, घंटाघर प्वाइंट, पुरानी कचहरी परिसर, शंकर टॉकीज रोड, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला भीमराव चौक, विवेकानंद चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की विभिन्न गलियों, विवेकानंद वार्ड लखेरा खेर माई मंदिर के पीछे एवं मुख्य मार्ग की सफाई व नालियों के अपशिष्ट की सफाई, मंगलनगर चौक पहुंच मार्ग, बाबा नारायण शाह वार्ड के विभिन्न मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गों सफाई व्यवस्था एवं की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप से दुगाडी नाला तक रोड के दोनों ओर की गाजर घांस की कटाई की जाकर सफाई सहित बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी गेट के सामनें तथा पन्ना मोड से सांई मंदिर के पास तक के डिवाइडरों के दोनों ओर धूल मिट्टी के उठाव का कार्य किया गया। नगर के नाले -नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय स्थित रसोई घर के बाजू स्थित नाले तथा चिकित्सालय के पीछे ओव्हर ब्रिज के नीचे स्थित बडे नाले की सफाई, नदीपार बस स्टेण्ड के पीछे हरिजन बस्ती की नालियों, जयप्रकाश वार्ड स्थित धर्मलोक हास्पिटल के बाजू स्थित बडे नाले की जे.सी.बी मशीन के माध्यम से सफाई की जाकर अपशिष्ट को निकालनें, नेहरू वार्ड स्थित इंड्रस्टियल एरिया में श्री गौर के सामने वाले बडे नाले, फारेस्टर वार्ड स्थित एम्बुलेंस रोड की नालियों एवं नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।



## शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निगमायक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों की सफाई, नाले नाले की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत उपनगरीय क्षेत्र स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड गुरूद्धारा रोड, चमचामल होटल रोड, बाम्बे होटल के पीछे, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित के मुख्य मार्गो, विश्राम बाबा वार्ड के विभिन्न मार्गो, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, संजय नगर मेन रोड, कावसजी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, लखेरा मुख्य मार्ग, मिशन चौक, झंडा बाजार, घंटाघर प्वाइंट, हल्दीराम गली जालपा देवी वार्ड जुलूस मार्ग, जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ पहरूआ सहित नगर की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, माधवनगर गेट, द्वारका सिटी गेट के सामनें के डिवाइडर के दोनों ओर की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से नगर के नाले नालियों की अव्यवस्था के तहत विभिन्न स्थलों धर्मलोक हास्पिटल के बाजू स्थित बड़े नाले की सफाई, कावस जी वार्ड स्थित भीमराव चौक में जग्गी पान वाले के सामनें एवं कावस जी स्कूल के पास वाली नाली, जय हिन्द चौक से भरत चौक एवं रंगनाथ मंदिर के पास की नालियों की सफाई, एम्बुलेंस रोड की नालियों की सफाई, माधवनगर एल.आई.सी आफिस के बाजू से नाले की सफाई उपरान्त निकले अपशिष्ट का जे.सी.बी मशीन के माध्यम से उठाव कार्य कराया गया।

## सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

### शासकीय चिकित्सालय के कचरे के उठाव उपरान्त किया गया कीटनाशक दवा का छिड़काव

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग के दरोगाओं की विगत दिवस आयोजित बैठक में दिये गए निर्देशों के परिपालन में निगम के नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा आज नगर के विभिन्न मार्गो की सफाई व्यवस्था एवं अभियान के तहत रोजाना चलाये जा रहे नाले-नालियों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। निरीक्षण के दौरान विश्राम बाबा वार्ड में स्वच्छता दूतों की उपस्थिति की जांच की जाकर वार्ड की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के निर्देश प्रदान किये गए। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय चिकित्सालय प्रांगण के कचरे की जे.सी बी मशीन के माध्यम से सफाई कराई जाकर कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुक्तिधाम परिसर कटनी नदी पुल के ऊपर, आदर्श कॉलोनी वन्डर प्ले स्कूल गली में डोर टू डोर एवं सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव सहित अवारा सुआरों को पकडनें का कार्य, मिशन चौक, थाना कोतवाली मुख्य मार्ग, गांधी द्वार डस्टबिन की सफाई , स्टेट बैंक तिराहा प्वाइंट, जगमोहनदास वार्ड में शैलेष जायसवाल जी के घर के सामनें खाली प्लाट की सफाई वीर सावरकर वार्ड में शनि मंदिर रोड एवं रेल्वे लाईन किनारे नामदेव जी के घर के सामनें रोड किनारे की मिट्टी की सफाई राजीव गांधी वार्ड के मुख्य मार्गो, कावस जी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, सुलभ शौचालय, बरगवां मुख्य मार्ग, फारेस्टर वार्ड स्थित जयहिंद चौक से भरत चौक और रंगनाथ मंदिर तक रोड की सफाई का कार्य, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, विवेकानंद वार्ड लखेरा के मुख्य मार्गो तथा बाबा नारायण शाह वार्ड के बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी के पास, चांडक चौक पुल से पन्ना मोड तक मुख्य मार्गो के डिवाइडरों के दोनों ओर सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई हेतु स्वच्छता गेंग के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान के तहत जयप्रकाश वार्ड स्थित धर्मलोक हास्पिटल के पास वाले बडे नाले, बी0डी0 अग्रवाल वार्ड स्थित विश्वकर्मा पार्क के पास, बरगवां भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर के पास स्थित बडे नाले, कावस जी वार्ड के विभिन्न स्थलों के तहत कावस जी स्कूल के पीछे, टिकरा के उपर वाली बस्ती में दीपू नेपाली एवं संदीप हवलदार के घर के सामनें स्थित नाली तथा डा0डी शंकर के सामनें वाली नाली की सफाई फारेस्टर र्वाड में रजक गली की नालियों, माधवनगर एल.आई.सी कार्यालय के बाजू स्थित नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।





### बरही पुलिस की अमरपुर तिराहे में कार्यवाई

## मास्क क्यों नहीं लगाया, भरो जुर्माना





**बरही।** मास्क क्यों नही लगायाए जुर्माना भरो। यह अल्फाज बरही टीआई के थे। मास्क न लगाने वालों के खिलाफ चलानी कार्यवाई की गई। बरही नगर के अमरपुर तिराहे में सुबह 10 बजे से बरही पुलिस ने चलानी कार्यवाई प्रारम्भ की तो सैकड़ो वाहनों की कतार लग गई। पुलिस की इस कार्यवाई से बचने के लिए कई इधर.उधर से बचते नजर आए।

इस दौरान टीआई संदीप अयाची लोगो को समझाइस देते रहे कि कोविड गाइड लाइन का पालन करना हैए लापरवाही करते पाए गए तो जुर्माना तो भरना ही पड़ेगा।

## जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने चंदा कर बना ली सड़क

### चार साल से मांग करते रहे ग्रामीण, मिलता रहा सिर्फ निर्माण का आश्वासन

**कटनी।** बेपरवाह सिस्टम को गणेशपुर के ग्रामीणों ने करारा जवाब दिया। चार साल से ज्यादा समय से गांव से खरहटा-सलना मुख्य मार्ग तक करीब एक किलोमीटर लंबी खस्ताहाल सड़क को ठीक करवाने की मांग गांव के लोग करते रहे। इसके लिए सांसद, विधायक से लेकर सड़क निर्माण विभाग के अफसरों के भी कई चक्कर लगाए। हर बार ग्रामीणों को जल्दी सड़क निर्माण का आश्वासन ही मिला। इस बार बारिश के बाद जब एक बार फिर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ के कारण ग्रामीणों को चलना तक दुश्वार हुआ तब ग्रामीणों ने स्वयं ही आत्मनिर्भरता की राह चुनी। आवागमन के लायक सड़क बनाने के लिए मुरूम डलवाने चंदा किया। गांव के लोगों ने स्वेच्छा से सामर्थ्य अनुसार राशि दी और सड़क तैयार हो गई।



### 40 ट्राली मुरूम से हुआ सड़क निर्माण

गणेशपुर गांव में शैलेंद्र पटेल, कौशल पटेल, करण पटेल, पुष्पराज सिंह, मेवालाल पटेल, पुरूषोत्म पटेल का ट्रैक्टर उपयोग में लिया गया। इनके ट्रैक्टर में डीजल डलवाने के लिए चंदा किया गया। इसके बाद खेरमाता तालाब से मुरूम खोदकर करीब 40 ट्राली मुरूम सड़क पर बिछाई गई। ग्रामीणों का प्रयास रंग लाया। जिस सड़क पर बारिश में पैदल चलना मुश्किल हो जाता था, अब उसमें ग्रामीण सहजता से आवागमन कर सकेंगे।

### पीएमजीएसवाय विभाग की लापरवाही भी आई सामने

खरहटा-सलना मुख्य मार्ग से गणेशपुर गांव को जोड़ने के लिए करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) विभाग को करवानी थी। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग का यह प्रोजेक्ट कई सालों बाद भी फाइलों से बाहर ही नहीं निकली।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# ये कैसा मेंटीनेंस? एक दिन में 100 से ज्यादा फाल्ट

## हल्की बारिश में खुल रही मेंटीनेंस की पोल, ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग तो कहीं जम्फर में प्रॉब्लम तो कहीं डीओ फ्यूज

कटनी। बारिश पूर्व मेंटीनेंस किए जाने के बाद भी शहर में हर दिन करीब सौ से ज्यादा फाल्ट हो रहे है। फाल्ट की वजह से कभी पूरा दिन तो कभी पूरी रात बिजली गुल हो रही है और लोगों को गर्मी व उमस के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कईयों बार लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारना पड़ रही है। लोगों का कहना है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अप्रैल और मई के महीने में पूरा-पूरा दिन परमिट लेकर बारिश पूर्व मेंटीनेंस किया गया था लेकिन अब जब बारिश का मौसम शुरू हुआ तो हल्की बूंदाबूंदी में ही विद्युत वितरण कंपनी के मेंटीनेंस की पोल खुल रही है। कहीं ट्रांसफार्मर फेल हो रहा है तो कहीं जम्फर उड़ रहा है। लाइन फाल्ट की शिकायतें भी कम नहीं है।

यश भारत पड़ताल

### शहर में बिजली के हाल : कभी पूरा दिन तो कभी पूरी रात रूला रही बिजली गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों की लाइट के इंतजार में कट रही रात



कल रात भी शहर की आधी आबादी, आधी रात तक बिजली गुल होने की वजह से परेशान रही। हल्की बारिश के बाद रात 9 बजे से लाइन फाल्ट का जो सिलसिला शुरू हुआ, तो रात 3 बजे तक जारी रहा। इस दौरान विद्युत वितरण कंपनी के पूछताछ केन्द्र में शिकायतें दर्ज कराने के लिए भी लोग परेशान रहे। लोगों का कहना था कि कईयों बार फोन करने के बाद भी पूछताछ केन्द्र का फोन नहीं उठा। विद्युत मंडल के टोल फ्री नंबर 1912 में भी फोन करने से बिजली की समस्या हल नहीं हुई। मानसून सक्रिय नहीं होने की वजह से शहर के लोग पहले से ही गर्मी और उमस से परेशान है, इसके अलावा रात में फाल्ट की वजह से बिजली गुल होने से लोगों की परेशानियों में इजाफा हो रहा है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही उपनगरीय और ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में भी पिछले कुछ दिनों से फाल्ट के बाद बिजली गुल होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही है।



### सिटी 7 और कटाएघाट फीडर भी रहा प्रभावित

सिटी 11 फीडर के बाद सिटी 7 फीडर में रात 9 बजे के बाद फाल्ट होने लगा। जिससे मिशन चौक, आजाद चौक, चांडक चौक और शेर चौक सहित अन्य क्षेत्र प्रभावित रहे। जैसे-तैसे सप्लाई चालू हुई तो लो वोल्टेज की समस्या आ गई। लो वोल्टेज की वजह से लाइट डिम हो गई तो पंखे और कूलर बंद हो गए और लोगों का गर्मी की वजह से बुरा हाल हो गया। लोग विद्युत वितरण कंपनी की अधकचहरी व्यवस्थाओं को कोसते नजर आए। जानकारी के मुताबिक तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पास ट्रक ने बंस केबल को ठोकर मारकर तोड़ दिया, जिससे सप्लाई बंद कर सुधार कार्य किया गया। एनकेजे फीडर में सुधार कार्य पूर्ण होने और बिजली आपूर्ति सुचारू होने के बाद रात में शहर के कटाएघाट फीडर में फाल्ट होना शुरू हो गया। जिससे कई क्षेत्र प्रभावित हुए और लोगों को परेशान होना पड़ा। बताया जाता है कि रात करीब साढ़े 11 बजे कटाएघाट फीडर के अंतर्गत आने डन फीडर केबल चिपक जाने की वजह से फाल्ट हो गया। सुधार कार्य के बार सप्लाई शुरू की गई तो इसके बाद 11 केवी एसएस कटाएघाट फीडर में जम्फर में फाल्ट की शिकायत मिली। सूचना पर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी पहुंचे और सुधार कार्य करते हुए बिजली आपूर्ति शुरू कराई।

### इनका कहना है

गर्मी के मौसम में लोड बढ़ने की वजह से लाइन फाल्ट की समस्या आती है, जिससे कर्मचारियों द्वारा तत्काल सुधारा जाकर आपूर्ति बहाल की जाती है। मेंटीनेंस के लिए परमिट लिया जाता है और अलग-अलग समय में इस कार्य को पूरा किया जाता है। जिससे लोगों को दिक्कतें न हों। बारिश के मौसम में इस तरह की शिकायतें ज्यादा आती हैं। कईयों बार उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों की सर्विस लाइन नहीं बदलवाने की वजह से भी फाल्ट हो जाता है। सुधार कार्य के साथ ही मेंटीनेंस भी किया जा रहा है। आगे आने वाले कुछ दिनों में सुधार देखने को मिलेगा।

*-विकास सिंह*
अतिरिक्त अधीक्षक यंत्री
मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

### शाम 6 बजे से मिलना शुरू हो गया था फाल्ट

बताया जाता है कि शहर में सोमवार को शाम 6 बजे से लाइन फाल्ट की समस्या शुरू हो गई। दोपहर में हल्की बारिश के बाद से ही लाइन फाल्ट की शिकायतें सामने आने लगी थी। 33 केवीए लाइन में फाल्ट की शिकायत मिलने के बाद विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी सुधार के लिए निकले। इस दौरान दूसरे फीडर से सप्लाई चालू की गई। शाम करीब 6:22 बजे 33 केवीए लाइन में एक बार फिर फाल्ट हो गया। जिसके चलते सिटी 11 फीडर के अंतर्गत आने वाले सुभाष चौक, झंडा बाजार, घंटाघर, गर्ग चौराहा, पुरानी बस्ती और जालपा वार्ड आदि क्षेत्रों की बिजली बंद हो गई। आधा घंटे तक चले सुधार कार्य के बाद शाम 7:10 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। करीब एक घंटे तक शहर में निर्बाध बिजली सप्लाई के बाद जैसे ही 8 बजे, वैसे ही एक बार फिर बिजली आपूर्ति में व्यवधान होने लगा। बताया जाता है कि गर्ग चौराहा में बंच केबल से एक फेस में फाल्ट आने के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

### छपरवाह, मंगलनगर में सबसे ज्यादा समस्या

शहर से लगे होने के बाद भी छपरवाह एवं मंगलनगर क्षेत्र में बिजली की सबसे ज्यादा समस्या है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब यहां पर फाल्ट नहीं होता हो। यह क्षेत्र पहले ग्रामीण फीडर से जुड़ा हुआ था लेकिन अब शहरी फीडर में जुड़ने के बाद भी बिजली की समस्या हल नहीं हो पाई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि भले ही यह क्षेत्र शहरी फीडर से जुड़ गया हो लेकिन छपरवाह, मंगलनगर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी अभी भी इसे ग्रामीण फीडर ही मानकर चलते हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में फाल्ट की समस्या कुछ ज्यादा ही है और शहर के दूसरे छोर में होने में कारण इस क्षेत्र में फाल्ट सुधारने में भी विलंब किया जाता है। कईयों बार कर्मचारियों को फाल्ट भी नहीं मिलता। कल भी छपरवाह एवं मंगलनगर क्षेत्र में कईयों बार बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बताया जाता है कि एनकेजे फीडर के अंतर्गत जैन कॉलोनी में स्थित ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हो गई थी, जिसकी वजह से बिजली सप्लाई बंद करते हुए सुधार कार्य किया गया।



## गड़ाधन खोदते युवक की मौत

### दूसरा गंभीर, एमजीएम में भर्ती

**कटनी।** गड़ाधन खोदने के चक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर हालत में कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घटना पड़ोसी जिला पन्ना के अमानगंज की बताई जा रही है। जिसके संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक संतोष मौर्य नामक युवक के साथ 19 वर्षीय रम्मू आदिवासी व 28 वर्षीय पवन आदिवासी क्षेत्र में ही कहीं गड़ाधन होने की जानकारी लगने पर उसे खोदने निकले थे। बताया जाता है कि खुदाई करते समय रम्मू व पवन आदिवासी की हालत बिगड़ने लगी। इसके पहले की युवक कुछ समझ पाते रम्मू आदिवासी की मौत हो गई जबकि पवन को गंभीर हालत में कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रेन हादसों को रोकेगी देशी डिवाइस

### बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार, रेलवे के ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम लगाने के पहले चरण में पमरे शामिल

### 2 हजार 338 किमी रेलमार्ग सबसे पहले होगा हाइटेक

**कटनी।** ट्रेन को हादसों से बचाने के लिए रेल पटरियों पर अब आधुनिक स्वेदशी डिवाइस लगाई जाएगी। इन डिवाइसज के जरिए ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। ये डिवाइस लोको पायल के किसी मानवीय त्रुटि के कारण ट्रेन को टकराव से बचाती है। इसके लिए रेलवे अभी तक विदेशी तकनीक पर निर्भर था। लेकिन अब आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत इस तकनीक का स्वेदशी विकल्प तैयार कर लिया गया है। इस ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम (टीसीएएस) को देश में लागू करने के पहले चरण में पश्चिम मध्य रेल को शामिल किया गया है। पमरे का 2 हजार 338 किलोमीटर का रेलमार्ग जल्द ही इस आधुनिक स्वेदशी उपकरण से लैस होगा। ये जानकारी सोमवार को पमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल जयपुरियार ने दी। उन्होंने बताया कि नई उन्नत तकनीक के उपयोग के लिए जोन में कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इससे सुरक्षा का स्तर भी मजबूत होगा। खंडवा-इटारसी-जबलपुर-कटनी-सतना-मानिकपुर-प्रयागराज के बीच रेल ट्रैक की गति 130 किमी प्रतिघंटा तक करने की तैयारी है।



### डिवाइस बताएगी ट्रेन की गति सीमा

टीसीएएस को पटरी पर लगाने के बाद यह चालक को संबंधित रेलखंड में अधिकतम गति सीमा को लेकर भी जानकारी देगा। रेलवे की ओर से अलग-अलग रेलखंड में ट्रेन के संचालन की गति पृथक-पृथक निर्धारित होती है। चालक के अपडेट रहने से वह बेहतर तालमेल के साथ ट्रेन को सुरक्षित तरीके से तेज गति के साथ दौड़ा सकेगा।

### सुरक्षा और बढ़ाने के प्रयास

सीपीआरओ के अनुसार पमरे ने अगले पांच वर्षों के लिए आधुनिक सिग्रल, दूरसंचार में सिग्रलिंग के ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम, आटोमेटिक ब्लॉक सिग्लिंग, सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और दूरसंचार में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, सीसीटीवी एवं लॉन्ग टर्म एवोल्यूशन प्रणाली की योजना को बढ़ावा देने की कार्य योजना तैयार की है। इससे ट्रेन संचालन में सुरक्षा को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### आपस में नहीं टकराएगी ट्रेनें

जानकारों के अनुसार नए सिस्टम के लगने से ट्रेनों की आमने-सामने से टक्कर की आशंका कम हो जाती है। इसके जरिए विपरीत दिशा से आ रही ट्रेन के बारे में इंजन में सवार चालक को अलर्ट मिल जाता है। इंजन में लगे अन्य आधुनिक उपकरण चालक को दुर्घटना से बचाव के उपाय को लेकर संकेत देंगे। टक्कर से पहले ही ब्रेक लगने से हादसा टल जाएगा।

## मामा की डांट फटकार के बाद घर से भागी थी किशोरी

**कटनी।** घर से बिना बताए निकली एक 17 वर्षीय किशोरी को कैमोर पुलिस ने चंद घंटों के अंदर कोतमा अनूपपुर से दस्तयाब कर लिया है। बताया जाता है कि कैमोर थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी गत दिवस दोपहर के समय अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई। यहां-वहां खोजखबर लेने पर जब किशोरी का कहीं कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन सक्रिय हुए और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश एवं साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज दुबे के सहयोग से लापता किशोरी को चंद घंटों के अंदर अनूपपुर कोतमा से दस्तयाब कर लिया। नाबालिग बालिका ने दस्तयाब होने पर महिला पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक मीनाक्षी पन्द्रे को दिए कथन में बताया कि स्मार्टफोन रखने की बात पर से मामा ने डांट डपट दिया था। जिससे नाराज होकर वह घर से निकलकर कोतमा तक पहुंच गई थी। नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक शिव एवं महिला आरक्षक भावना तिवारी की टीम के द्वारा साइबर सेल की मदद से बच्ची का लोकेशन लेते हुए कैमोर से जिला अनूपपुर में कोतमा पहुंचकर बच्ची को दस्तयाब कर साथ में लाकर मां को सौंपने का सराहनीय कार्य किया गया है।

**कैमोर पुलिस ने चंद घंटों में खोज निकाला लापता किशोरी को**



## बारिश के मौसम में भी लोग प्यासे

### ढीमरखेड़ा के कई गांवों में गहराया जलसंकट, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

**कटनी।** बारिश के इस मौसम में भी जिले के लोग प्यासे हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या अप्रैल में ही शुरू हो गई थी लेकिन न तो स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया और न ही ग्राम पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने। जिसके चलते यह समस्या सुलझने के बजाए ओर भी बढ़ती गई। आलम ये है कि न तो टंकी का पानी मिल रहा, न नलकूप का। हैंडपंप से हवा निकल रही है। ऐसे में ये नागरिक जाएं तो कहां जाएं। ऐसे में अब ग्रामीणों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से गांव में पानी की समस्या का निराकरण करने की मांग की है। जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पौनिया की हालत तो सबसे ज्यादा खराब है। कहने को यहां दो जगह नलकूप लगे हैं। पानी की टंकी भी बनी है लेकिन किसी से भी जलापूर्ति नहीं हो रही। ग्रामीण बताते हैं कि इलाके में लगे हैंडपंप का हाल ये है कि एक पर बहुत जोर लगाने पर केवल एक धार निकलती है, बाकी दो से तो केवल हवा ही निकलती है। ऐसे में प्यास बुझाने के लिए गांव के कुछ बड़े लोगों के यहां की निजी बोरिंग से ही थोड़ा बहुत पानी ले पा रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि पंचायत में जिम्मेदार प्रतिनिधि पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले कई सप्ताह से यह समस्या है। पानी का इंतजाम करने के लिए काम-धंधा छोडकर जुटना पड़ता है। सुबह होते ही लोग डिब्बा बाल्टी लेकर पानी के लिए कतारों में खड़े दिखाई पड़ते हैं। लोगों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधिओं से कई बार कहा गया पर कोई सुनवाई ही नहीं हो रही। ग्रामीणों ने अब कलेक्टर से पेयजल संकट के निदान की मांग की है।





पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)